बीएचईएल ने गुजरात में 800 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट कमीशन किया

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने गुजरात में 1x800 मेगावाट की वानकबोरी विस्तार परियोजना की यूनिट 8 को सफलतापूर्वक कमीशन किया।

गुजरात के खेड़ा जिले में स्थित यह परियोजना राज्य के स्वामित्व वाली एक विद्युत उत्पादन कंपनी, गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (जीएसईसीएल), के स्वामित्व में है।

उल्लेखनीय रूप से, यह 800 मेगावाट का सेट जीएसईसीएल का उच्चतम रेटिग सेट है। इससे पहले, बीएचईएल ने वानकबोरी में 210 मेगावाट की सात इकाइयां स्थापित की हैं, जिनमें से सबसे पुरानी इकाई 35 वर्षों से अधिक समय से काम कर रही है।

बीएचईएल ने इंजीनियरिग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) के आधार पर 800 मेगावाट के कोयला आधारित बिजली संयंत्र की स्थापना के ऑर्डर को निष्पादित किया है और परियोजना के ईपीसी पैकेज के अन्य उपकरणों के अलावा, स्टीम टरबाइन, बायलर, संबद्ध सहायक और इलेक्ट्रिकल्स, अत्याधुनिक नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन (सी एवं आई) और इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसीपीटेटर (ईएसपी) के डिजाइन की परिकल्पना, इंजीनियरिग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमिशनिग का काम किया है।

इस परियोजना के लिए प्रमुख उपकरण बीएचईएल की हरिद्वार, त्रिची, हैदराबाद, रानीपेट, भोपाल, बेंगलुरु, थिरुयम और झांसी की इकाईयों में निर्मित किए गए हैं, जबकि संयंत्र का निर्माण कार्य कंपनी के पावर सेक्टर - पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर द्वारा किया गया है।

जीएसईसीएल की स्थापित क्षमता में 86% से अधिक योगदान देने वाले बीएचईएल द्वारा आपूरित सेटों के कारण बीएचईएल गुजरात के विद्युत क्षेत्र के विकास में एक प्रमुख भागीदार रहा है।

बीएचईएल भारत का सबसे बड़ा विद्युत उत्पादक उपकरणों का निर्माता है, जिसके वैश्विक स्तर पर 1,85,000 मेगावाट से अधिक के विद्युत संयंत्र उपकरण स्थापित हैं। बीएचईएल ने घरेलू और विदेशी बाजारों में विभिन्न ग्राहकों द्वारा ऑर्डर किए गए सुपरक्रिटिकल बॉयलरों के 58 सेट और सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटरों के 53 सेट्स अनुबंध किए हैं ।